## शासन की आमदनी बंद, खनिज मद को भी ठेंगा

# रेत की लूट मचाने शासन ने खोला माफिया के लिए दरवाजा

**शहडोल।** रेत का ठेका न देकर शासन ने चोरों को रेत की लूट मचाने दरवाजा खोल दिया है। अब रेत जैसी खनिज सम्पदा लुटेरों के हाथ पड़कर सरेआम लूटी जाएगी और खनिज तथा पुलिस विभाग मूकदर्शी बने तमाशा देखते रहेंगें। पुलिस और खनिज विभाग तो अपने आर्थिक समीकरण बना लेगें लेकिन शासन को फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं होगी। खनिज मद के लिए भी संकट खड़ा हो जाएगा। रेत उत्खनन से प्रशासन का अंकुश हट जाने के कारण अपराध भी बढ़ेंगे और माफियाओं के बीच घमासान भी होता दिखाई पड़ सकता है। शासन को ठेका देने में न जाने कौन सी तकलीफ पेश आ रही है कि उसने रेत को गलत हाथों में सौंप दिया है। एक मसला यह भी है कि अब जिले के खनिज मद और खनिज प्रतिष्ठान मद का क्या होगा? क्या माफिया देगा विकास के लिए धन ? परेशानी इस बात की भी है कि अब रेत केवल माफिया का माल बनकर रह गई है उसमें अब किसी का कोई हक नहीं होगा।



### दबंगों का एक छत्र राज्य

रेत के धंधे में पहले भी दबंगों का दबदबा था लेकिन अब तो इस धंधे के लिए दबंग और भी तैयारियां कर रहे हैं। वे सुरक्षा के लिए अपनी हथियारबंद गेंग भी तैयार कर रहे हैं जो चौबीसो घंटे मोर्चे पर तैनात रहेगी। कोई उत्खनन स्थल तक नहीं पहुंच सकता। बताते हैं कि पहले रेड एलर्ट होगा फिर आजमाइश शुरू हो जाएगी। माफिया अपने मनमुताबिक उत्खनन करेगा, अपने मनमुताबिक माल बेचेगा। बिचौलिए दूरी के अनुसार रेट सेट करेंगे और माल पहुंचेगा। कितने दामों में रेत बिक रही है इस बात से जिला प्रशासन को भी कोई सरोकार नहीं रह जाएगा।

### कितना दुर्भाग्यपूर्ण होगा नजारा

शासन की संपत्ति कलेक्टर व कमिश्नर जैसे अफसरों के होते हुए भी लूटी जाएगी और इतने बड़े अधिकारी तमाशबीन बनकर रह जाएंगे। खनिज विभाग चोरों की जमात में इसलिए शामिल होगा क्योंकि रेत उस शासन की संपत्ति है जिसका वह कारिन्दा है। पुलिस वाला इसलिए चोरों की जमात में शामिल होगा क्योंकि यह चोरी है, अपराध है। इसलिए चोरी की छूट देने के लिए वह उसकी कीमत वसूलेगा। बाकी सब माफिया का माल है, वह जब जैसे चाहेगा जिस दाम पर चाहेगा बेचेगा। निर्माण कार्यों के लिए रेत जितनी आवश्यक है उतनी ही दुर्लभ होती जा रही है।

### रेत की खेप जारी है

रेत के वाहन चहुंओर सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं। नगर के अंदर से भी वाहन दौड़ते नजर आते हैं। कमिश्नर बंगले के सामने से रेत लदे वाहन दौड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। बताते हैं इन वाहनों को खुली छूट मिली हुई है, इनकी धरपकड़ के लिए अब कोई अमला तैनात नही होगा। खनिज विभाग और कोतवाली तथा सोहागपुर पुलिस से सेटिंग कर ली गई है। खनिज विभाग तो अब माफिया के लिए ग्राहक और दरें तय कराने का भी काम कर सकता है। वह माफिया को हर सुविधा उपलब्ध कराने को तैयार बताया गया है। माफिया के कुछ खास लोग खनिज विभाग के अत्यंत चहेते बताए गए हैं।

### खनिज मद का लाभ नहीं

जिले में विकास कार्यों के लिए खनिज मद से राशि प्राप्त की जाती थी लेकिन अब जब रेत की नीलामी नहीं होगी, रायल्टी व वैधानिक प्रक्रिया से वसूली नहीं होगी तो खनिज मद भी बंद हो जाएगा। अब रेत पर सिर्फ माफिया का कब्जा होगा वही धन कमाएगा, इसका किसी को कोई लाभ नहीं मिलेगा। यह एक बहुत बड़ी क्षति होगी। हैरानी की बात यह है कि शासन को हर साल करोड़ों रुपए का राजस्व प्रदान करने वाली रेत की खदाने उपेक्षित हैं। शायद शासन के लिए भी माफिया का हित ही सर्वोपरि है।

## खबर संक्षेप

### धार्मिक स्थलों का एडीजी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया भ्रमण



**शहडोल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी.सागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने 26 दिसम्बर को शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों सोहागपुर गढी एवं अन्य धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धार्मिक स्थलों पर निर्धारित मापदंडो के अनुसार लाउड स्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने हेतु लोगो को समझाइस दी गई। साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों को लाउड स्पीकर के उपयोग के संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिये गए निर्देशो एवं कोलाहल अधिनियम में निर्दिष्ट प्रावधानों का शत-प्रतिशत पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### एडीजी एवं एसपी ने मांस विक्रय दुकानों का किया निरीक्षण



**शहडोल।** एडीजी डी.सी.सागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर मांस विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया। गणेश गंज एवं अन्य स्थानों पर भ्रमण के दौरान एडीजी एवं पुलिस अधीक्षक ने दुकान मालिकों को खुले में मांस विक्रय नहीं करने एवं साफ-सफाई की समझाइश दी। मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों को मांस विक्रय के संबंध में निर्धारित किये गए मापदण्डों का पालन सुनिश्चित कराने एवं उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

### चाकू सहित युवक पकड़ाया

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 25 दिसम्बर को सूचना मिली कि कटकोना छिरहाई टोला में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी रोहित केवट पिता सुन्दर लाल उम्र 20 वर्ष निवासी कटकोना को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक उपेन्द्र त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वाहन चालकों पर हुई चालानी कार्यवाही

**शहडोल।** पुलिस द्वारा 25 दिसम्बर को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 50 चालानों में 17,500 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

# महाविद्यालयीन जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर के खेल मैदान में मंगलवार 26 दिसंबर से जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एडीजे चित्रकूट दीप नारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर रामनारायण पाण्डेय एवं एडवोकेट राजेंद्र गौतम उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों एवं संस्था प्रधान डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी का बैच लगाकर स्वागत किया गया, जिसके बाद सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



तत्पश्चात पहला मुकाबला शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी के मध्य खेला गया जिसमें शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर की टीम विजेता रही, दूसरा मुकाबला शासकीय महाविद्यालय बिजुरी एवं आदर्श महाविद्यालय उमरिया के मध्य खेला गया, जिसमें बिजुरी की टीम विजेता रही। तीसरा मुकाबला शासकीय महाविद्यालय बिजुरी एवं चंदिया के मध्य खेला गया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय चंदिया विजेता रही। प्रतियोगिता के पहले दिन शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर का समस्त स्टाफ, नगर के गणमान्य नागरिक, अतिथियों सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। साथ ही प्रतियोगिता में भाग ले रहे समस्त महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन मुकाबले में क्रीड़ा अधिकारी वेंकट नगर मनीष नामदेव एवं धीरेंद्र वर्मा निर्णायक की भूमिका में रहे। जबकि शिब्बू यादव, विजय सिंह व ग्रेसी सोनी ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

# वीर बाल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य की उपस्थित में मंगलवार को वीर बाल दिवस मुख्यालय के विद्यालय सतगुरु पब्लिक हायर सेंकेण्ड्री स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं स्वास्थ व शिक्षित होकर समाज में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इतिहास के प्रेरक नायकों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल व समृद्धि बनाकर देश सेवा में सदैव तत्पर रहने की भावना को विकसित करते रहना चाहिए। इस अवसर छात्र-छात्राओं में देश भावना के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध, रंगोली, पेंन्टिग, वाद-विवाद की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़चढ़ कर भागीदारी की गयी। प्रतियोगिता के समाप्ति के पश्चात परिणाम घोषित कर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने हेतु चयनित किया गया।

बाल दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर, समाजसेवी कमलप्रताप सिंह सहित संतोष लोहानी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रदीप सिंह, शीतल पोद्दार, अभिषेक श्रीवास्तव,संतोष मिश्रा एवं श्रीमती भारती शुक्ला, सभी सदस्य बाल कल्याण समिति, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल, संतोष शुक्ला सचिव एवं डी.वी. गुप्ता प्रबंधक सतगुरु मिशन शहडोल, प्राचार्य पियूष श्रीवास्तव व छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।

गौरतलब है कि श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के प्रकाश पर 09 जनवरी 2022 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि श्री गुरु गोविन्द जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को याद करते हुये, हर साल 26 दिसंबर को ये बाल दिवस आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरुप आज वीर बाल दिवस के रुप में मनाया जा रहा है।

# उप सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश तो उपाध्यक्ष बनी श्रीमती ज्योति शर्मा

**जयसिंहनगर।** जनपद पंचायत के सभागार में उपसरपंच स्नेह मिलन एवं बैठक का गत दिवस आयोजन किया गया, जहां पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर काय्रक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के उपसरपंचों के साथ जिले के उपसरपंच पद पर आसीन पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यक्रम की कार्ययोजना सुनिश्चित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर सभी उपसरपंचो के द्वारा अपना अपना परिचय दिया गया। ग्राम पंचायतों में जहां उपसरपंचो का पद तों सुनिश्चित किया गया किंतु वास्तविक अधिकारों से उन्हें दूर रखा जाता है या फिर यह कहें कि उनकी उपेक्षा की जाती है इस संगठन के माध्यम से हमें अपने हक की लड़ाई लड़नी है, हम सभी लोगों को पंचायती राज के अधिनियमों को जानना चाहिए और पंचायत पोर्टल पर



उपसरपंच का नाम जोड़ा जाना चाहिए यथा जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुपों में उपसरपंचो को जोड़ा जाए जिससे हमें भी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता हो जिससे हम जनता के लिए कार्य कर सकें शिक्षा एवं स्वास्थ्य का पदेन उपसरपंच होता है, वित्तीय वर्ष के कार्ययोजना पर हस्ताक्षर होना चाहिए पर ऐसा होता नहीं है जिला पंचायत पर बैठक आयोजित किया जाना चाहिए जिससे हम उन्हें ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें पंचायत के व्यय खाते से मोबाइल नंबर जोड़ा जाए, जिससे हमें भी पंचायत के आय व्यय का लेखा-जोखा का पता हो उपसरपंचो को सह खाते से जोड़ा जाए एवं ग्राम पंचायत में पचास प्रतिशत राशि का व्यय करने का अधिकार उपसरपंचो को प्रदान किये जाने चाहिए इसी के साथ उप सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी की उपस्थिति में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत उप सरपंच संघ का गठन किया गया। जिसमें मुकेश गौतम उपसरपंच मोहनी को जनपद पंचायत स्तरीय जयसिंहनगर अध्यक्ष, धीरज तिवारी, वीरेंद्र द्विवेदी महामंत्री, शिवाकांत गुप्ता, श्रीमती ज्योति शर्मा, ऋषि तिवारी, जितेंद्र पटेल, जुनैद खान, रामदास सिंह गोण उपाध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा, देवराज सिंह, संत पाल अहिरवार ,उषा गौतम, रोहित पांडेय को महामंत्री नियुक्त किया गया मार्गदर्शक मंडल में श्रीधर गर्ग, वंश बहादुर, राकेश तिवारी, बाल्मीकि यादव, रामनारायण कुशवाहा एवं सुधीर पांडेय को सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राम नारायण पांडेय, अशोक मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर, भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष रावेद्र शर्मा, सूरज पयासी, राकेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, सीतेंद्र पयासी के साथ समस्त ग्राम पंचायतों के उपसरपंच उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**जयसिंहनगर।** जनपद के ग्राम पंचायत कनाडी कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जिसका ग्रामीणों ने दीप कलश व फूल माला से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य विभिन्न विभागों के कर्मचारी स्टाल लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।आमजन की समस्या जानकार हल करने का प्रयास किया गया और विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्रीधर गर्ग, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा शर्मा, विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र पटेल, संजय पाठक जिला मंत्री, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष तीरथ शर्मा, सरपंच कनाडी हीरामणि सिंह, रामनरेश शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, सुशीला सिंह सरपंच कनाडी कला, बबलू सिंह सचिव, संजय पाठक जीआरएस सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि सहित पंचायत क्षेत्र के भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहे।




क्षेत्रीय कार्यालय
मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
बाई पास चौक गोरतरा बुढार रोड जिला शहडोल 484001 (म.प्र.)
E mail:ropcbshahadol@gmail.com

लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आंकलन ई.आई.ए. अधिसूचना क्रमांक 1533 दिनांक 14.09.2006 तथा यथा संशोधित - 01.12.2009 के प्रावधानुसार लोक सुनवाई किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 एस. ओ. 2163 (E) दिनांक 09.05.2022 यथा संशोधित प्रावधानों के अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि मेसर्स श्री महालक्ष्मी माइन्स एण्ड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड संस्थान द्वारा ग्राम-चिल्हारी, तहसील - मानपुर, जिला- उमरिया (म.प्र.) खसरा क्रमांक 197/1ग, 197/2, 198/1, 199, 225, 226, 227/1क, 227/1ख, 228/2 229, 231 एवं 234/2 तथा 237/2 में प्रस्तावित लेटेराइट खदान, उत्खनन क्षमता 134240 TPA प्रति वर्ष लीज क्षेत्र 10.415 हेक्टेयर हेतु लोक सुनवाई आयोजित की जा रही है। खदान प्रबंधन द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकरण, भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त खदान की लोक सुनवाई हेतु पूर्व में 02.11.2023 तिथि निर्धारित की गई थी, किन्तु म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता एवं संबंधित प्रशासकीय अधिकारी की अन्य महत्वपूर्ण कार्यो में संलग्नता के कारण लोक सुनवाई संपन्न नहीं हो पाई थी।

उक्त प्रस्तावित लेटेराइट खदान के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 10.01.2024 दिन- बुधवार को समय अपरान्ह 01 :00 बजे, स्थान :- ग्राम पंचायत भवन, ग्राम- चिल्हारी, तहसील - मानपुर, जिला - उमरिया (म.प्र.) में आयोजित की जा रही है, जिसमें इच्छुक व्यक्ति/ नागरिकगण सम्मिलित होकर प्रस्तावित लेटेराइट खदान के संबंध मे अपने मत / सुझाव / विचार / टीका टिप्पणी एवं आपत्ति लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त प्रस्तावित खदान के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) एवं कार्यपालक सारांश हिन्दी एवं अंग्रेजी में जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय उमरिया, जिला पंचायत कार्यालय उमरिया, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र उमरिया, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय- मानपुर, जिला- उमरिया, ग्राम पंचायत भवन, ग्राम- चिल्हारी, तहसील- मानपुर, जिला- उमरिया, क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल तथा क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, ई-5, अरेरा कॉलोनी, रविशंकर नगर, भोपाल मे उपलब्ध रहेंगे तथा म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय, भोपाल की अधिकृत वेबसाईट पर भी अवलोकित किये जा सकते है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित खदान के संबंध मे पर्यावरण प्रभाव एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधित सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति, मत, अभिमत प्रस्तुत करना हो, तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल के गोरतरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय मे भी लिखित रूप मे प्रस्तुत कर सकते है।

"पर्यावरण प्रिय जीवन पद्धति अपनाऐं
सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें"

क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड




## आईईसी वैन का किया गया फूलों से स्वागत

**शहडोल।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत जैतपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा आईईसी वैन का स्वागत फूल-मालाओं के साथ किया गया। यात्रा के दौरान लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया एवं योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं की दी गई जानकारी

**शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के मंगलवार को ग्राम पंचायत रामपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी स्थानीय लोगों को दी गई। आयोजन के दौरान विभिन्न विभाग के योजना संबंधी विभावार स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण भी किया गया। साथ ही आईईसी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार.प्रसार भी किया गया।



## कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं और शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए। जनसुनवाई संयुक्त संचालक महिला बाल विकास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### सायबर सुरक्षा व महिला-बालिका संबंधी अपराधों की दी गई जानकारी



**उमरिया।** उप निरीक्षक सारिका शर्मा महिला थाना प्रभारी व्दारा शासकीय उत्कृष्ट उमावि में सायबर सुरक्षा व महिला, बालिका संबंधी अपराधो की जानकारी हेतु अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर सूबेदार महेंद्र सिंह, बाल मुकुंद एवं सैनिक कल्याण अधिकारी संतोष चतुर्वेदी एवं स्कूल प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### अमानक स्तर का बीज पाए जाने पर क्रय-विक्रय पर रोक

**उमरिया।** उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि मेसर्स अभिषेक इंटरप्राइजेस चंदिया अभिमन्यु सीडस प्राइवेट लिमिटेड माईल स्टोन मेरठ रोड हापुर का सरसो का बीज प्रयोगशाला शहडोल के विशलेषण उपरांत अमानक स्तर का पाया गया है। अमानक बीज के लाट को जिले में भण्डारण, क्रय ,विक्रय, स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

### साहब बन्दगी के जयकारा के साथ कबीर दर्शन यात्रा के लिए निकले श्रद्धालु



**उमरिया।** बांधवगढ स्थित ताला गेट से कबीर पंथियों ने साहब बन्दगी के जयकारा के साथ सुबह 7:30 बजे बांधवगढ़ किले में स्थित कबीर दर्शन यात्रा प्रारंभ की। इस मौके पर सुरक्षा के भरपूर इंतज़ाम किये गए। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में पार्क अधिकारी-कर्मचारी एवं राजस्व और पुलिस की उपस्थित रहे। पार्क क्षेत्र में जंगली हाथियों और वन्य प्राणियों से इंसानी सुरक्षा के दृष्टिगत कबीर दर्शन यात्रा तक चलित शौचालय, पीने योग्य पानी सहित सभी जरूरी चीजों की व्यवस्थाएं की गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अगहन पूर्णिमा पर हजारों की तादात में कबीर दर्शन यात्रा के लिए हजारों की तादात में कबीर पंथी बांधवगढ पहुंचे।

### विधायक दिलीप जायसवाल के मंत्री बनने पर नपा उपाध्यक्ष ने दी बधाई



**बदरा/जमुना।** युवा भाजपा नेता व नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव ने कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल को मंत्री बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के लिए और कोतमा विधानसभा के लिए गर्व की बात है कि कोयलॉचल क्षेत्र और कोतमा विधानसभा सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में मंत्री दिलीप जायसवाल के मार्गदर्शन में विकास की गंगा बहेगी, जिसका लाभ निश्चित रूप से क्षेत्रवासियों सहित पूरे प्रदेश को मिलेगा।

### बाइक सवार दंपत्ति हादसे का शिकार, पत्नी की मौत

**कटनी।** बाइक सवार एक दंपत्ति हादसे का शिकार हो गए जिसमें गंभीर रूप से घायल पत्नी की मौत हो गई। जानकारी अनुसार स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिचुआ में हादसा हुआ जिसमें महिला मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। बताया जाता है कि मंजीता पति सतेन्द्र कुमार वंशकार 39 निवासी ग्राम सिलुआ थाना गोसलपुर जिला जबलपुर की बाइक से गिरने के कारण आई चोटों से मौत हो गई है।


---

**प्रभारी सचिव पर नियम विरूद्ध भुगतान करने के लग रहे आरोप**

# मोहतरा में वेण्डर ने की 20 ट्राली मुरूम की सप्लाई






**शहडोल।** जिले की गोहपारू जनपद के पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार के कारनामें रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं, जहां जनपद विकास के नए आयाम स्थापित करने में लगी है, वहीं दूसरी ओर यह चमक वास्तविकता में कितनी है, इसकी जानकारी हैरान करने वाली है, शासन की योजनाओं में पैतरेबाजी करके शासन का पैसा निकाल लिया जाता है, इसका उदाहरण गोहपारू जनपद की कई ग्राम पंचायतों में देखने को मिल जायेगा। शासन की जन कल्याणकारी योजनाए और ग्राम विकास मे लाखो रुपए पानी की तरह बहने वाले इन रुपयो मे अब सरपंच, सचिव और जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों ने जमकर मलाई खाई है, इससे प्रक्रिया में जो गांव का विकास होना था, वहां केवल सरपंच-सचिव के साथ फर्जी फर्मों का ही विकास हुआ है। मामला जनपद पंचायत गोहपारू के मोहतरा पंचायत का है, जहां वेण्डर के साथ मिलकर अवैध खनिज की खरीदी स्वयं पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा की गई है।

### शासन के खजाने से अवैध खनिज को भुगतान

गोहपारू जनपद की पंचायतों मे सरपंच-सचिवों द्वारा नियम विरुद्ध भुगतान किया जा रहा है, लगातार जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संज्ञान में मामला लाया जा रहा है, पंचायतों द्वारा खरीदी में भंडार क्रय नियमों का पालन नही किया गया है और ना ही निर्माण सामग्री क्रय करने का एवं भुगतान करने हेतु ग्राम विकास समिति से अनुमति ली गई है। सरपंच सचिवों से इस संबंध में पूछने पर संतोषप्रद जवाब नही दिया जा रहा है। जिले में रेत खदान सहित मुरूम की खनिज विभाग खदानें आवंटित नहीं की गई है,लेकिन वेण्डरों को लगातार अवैध खनिज का भुगतान शासन के खजाने से किया जा रहा है, इस मामले खनिज विभाग के मुखिया को भी शिकायत का इंतजार है, जबकि स्वतः ही संज्ञान लेकर वेण्डरों पर नकेल कसते हुए अवैध उत्खनन, परिवहन के अलावा शासकीय धन की होली खेलने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

**खदान के बगैर पंचायत में मुरूम सप्लाई पर उठ रहे सवाल**

### भ्रष्टाचार की खुली छूट

जिले की जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायत मोहतरा में भ्रष्टाचार ग़बन चरम सीमा में पहुँच चुका है, जिन्हें रोकने की जबाबदारी दी गई है, वह भी चंद चांदी के सिक्को के आगे नतमस्तक हो चुके है, अब तो ऐसा लगने लगा है मानों जनपद ने ग्राम पंचायतों को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे दी गई हो, मोहतरा पंचायत की जिम्मेदारी आरोपों से घिरे प्रभारी सचिव के पास है, बीते माहों में कल्वर्ट पुलिया पप्पू सिंह के खेत के पास 5 लाख की लागत से किया गया है, उक्त निर्माण में मजदूरी पर 30 हजार व्यय किया जाना था एवं 4 लाख 70 हजार निर्माण सामग्री पर खर्च किया जाना था, पंचायत के प्रभारी सचिव ने उक्त राशि पूर्ण खर्च कर दी, लेकिन आज भी ऑन लाईन पोर्टल पर यह कार्य चालू है।

### कहां से आई रेत और मुरूम

जिले में 30 जून से रेत खदान बंद हो चुकी है और 30 सितम्बर को भण्डारण पर भी जिला प्रशासन ने ताला जड़ दिया, लेकिन मेसर्स प्रिंस कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर, जैतपुर रोड गोहपारू द्वारा कल्वर्ट पुलिया निर्माण में रेत सहित मुरूम की सप्लाई देकर लाखों रूपये अपने खाते में लिये है, एक बिल 20 जून 2023 को पंचायत के प्रभारी सचिव द्वारा लगाया गया, जिसमें 2 लाख 50 हजार का भुगतान वेण्डर को किया गया, इसके बाद 10 अक्टूबर 2023 को उक्त फर्म को 2 लाख 20 हजार का भुगतान किया गया है, इस बिल में वेण्डर ने रेत 6 ट्राली और मुरूम एक हजार के दर से 20 ट्राली मोहतरा पंचायत को उपलब्ध कराई है। जब मुरूम खदान जिले में विभाग ने आवंटित नहीं की तो, आखिर वेण्डर द्वारा मुरूम कहां से लाई गई है।

### शासन को लगाया चूना

हर एक विभागो मे कार्य की गुणवत्ता के लिऐ अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किया जाता है, ताकि समय समय पर उस कार्य का निरीक्षण करके अच्छा और गुणवत्ता पूर्ण रूप से सम्पादित कर सके, जिससे भ्रष्टाचार की रोकथाम की जा सके। जनपद पंचायत मे पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी और इंजीनियर की सांठ-गांठ से बने कार्य पर ज्यादा विश्वास रखती है। जिसका नतीजा पंचायत गुणवत्ता के मामले मे फिसड्डी साबित हो रही है, मोहतरा पंचायत के कारनामें आज भी जनपद सहित जिला कार्यालय में धूल खा रहे है, फर्जी मजदूरी भुगतान के अलावा दर्जनों ऐसे मामले हैं, जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा खेल किया गया है, लेकिन आज तक कार्यवाही न होना प्रभारी सचिव की पहुंच पकड़ को दर्शाता है। पंचायत मे विकास कार्य और सरपंच, सहायक सचिव और सब इंजीनियर के चल अचल सम्पत्ति की सूक्ष्म जाँच होने की आवश्यकता है, जिससे स्पष्ट हो जाऐगा की किस तरह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

### इनका कहना है...

कार्य में किसी सहित भुगतान में किसी तरह की लापरवाही नहीं हुई है, वेण्डर से सामग्री लेने से पूर्व निविदा प्रकाशित कराई गई थी, अगर मुरूम, रेत की खदान नहीं है तो, सामग्री वेण्डर कहां से लाया यह वह जाने, उसने सामग्री सप्लाई के बाद बिल दिया, हमने लगा दिया।

**पंकज पाण्डेय**
**प्रभारी सचिव**
**ग्राम पंचायत मोहतरा**

---

## जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिले के विभाग प्रमुखों व्दारा जिले भर से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका निराकरण किया गया। ग्राम बडछड से आई पंचईराम प्रजापति ने खसरे के कालम नंबर-12 में सुधार कराने, ग्राम बरहाई से आए बसोरी बैगा ने वृध्दावस्था पेंशन का लाभ दिलाने, ग्राम गोरैया से आए शिव कुमार विश्व कर्मा ने आधार कार्ड बनाने के मानदेय का भुगतान कराने, चंदिया से आए गोपाल शरण सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जोगिया के पास महानदी में इंटकवेल का निर्माण कराने संबंधी आवेदन किया। इसी तरह चंदिया से आए दशरथ कुशवाहा ने पत्नी की मृत्यु के बाद संबल योजना का लाभ दिलाने, ग्राम आमाडोंगरी से आई कुंती बाई कोल जमीन का सीमांकन करानें, ग्राम चंदवार से आए लोगो ने वार्ड नंबर 13,14 में नल-जल योजना की पाइप लाइन बिछाने, ग्राम चंदवार से आए फल्लू बैगा ने किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने तथा चंदिया से आए रामरतन प्रजापति ने सामुदायिक दावे के माध्यम से कुम्हारी कार्य के लिए मिट्टी के उपयोग का लाइसेंस दिलानें संबंधी आवेदन किया। जनुसनवाई में तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, उप संचालक कृषि, कार्यपालन यंत्री पीआईयू, अग्रणी बैंक प्रबंधक, विद्युत मण्डल, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे ।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता तक पहुंचाये योजनाओं की जानकारी : विधायक

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्याहरवे दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम करकेली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बडखेड़ा-16 एवं ग्राम पंचायत बरहाई में आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बड़खेड़ा-16 में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओ की जानकारी जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि को लाभ का धंधा बनाने के नए नए कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध कराये जा रहे है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है ताकि महिलाओं को धुंआ से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के जीवन मे खुशहाली लाना इस यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों का आव्हान किया कि वे भी आगे आये और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ उठाये। शिविर में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए है, उसका सभी जन लाभ उठायें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना है। प्रदेश सरकार व्दारा कृषि के क्षेत्र में नये नये यंत्रों को लाकर कृषि को लाभ का धंधा बना दिया है । किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अंतिम छोर पर खड़े लोगों की चिंता की और विभिन्न योजनाओं का संचालन किया है। भारत का कोई नागरिक भूखा नहीं सोये, इसके लिए अनाज की व्यवस्था की। इस अवसर पर जनपद सदस्य राम प्रताप भूरा महाराज, विनायक तिवारी ,ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथियों व्दारा कन्या पूजन किया गया ।



## अयोध्या से आये अक्षत कलश की निकाली गई शोभा यात्रा



**कोतमा।** श्री राम तीर्थ अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। अयोध्या से अक्षत कलश कोतमा पंचायती मंदिर में विधि विधान से पूजन कर पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राम भक्तों और मात्र शक्तियों ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक शामिल हुए। राम भक्त महिलाओं ने अपने घर के सामने जगह-जगह पर अक्षत कलश की आरती उतारी और प्रणाम किया, अक्षत कलश यात्रा पुरानी बस्ती होते हुए कोतमा बस स्टैंड मुखर्जी चौक होते हुए गांधी चौक से पंचायती मंदिर लाया गया सभी भक्तों ने मिलकर भजन गया तत्पश्चात खंड से प्रत्येक मंडलों में अक्षत कलश भिजवाया गया। इसी तरह प्रत्येक ग्रामों में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर-घर राम भक्त जाकर अयोध्या राम मंदिर में रामलला दर्शन हेतु आमंत्रित कर अक्षत देकर आमंत्रित किया जाएगा वह 22 जनवरी को प्रत्येक गांव एवं नगर में मंदिरों में प्रोजेक्ट द्वारा सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कार्यक्रम का प्रसारण देखने हेतु आग्रह किया जाएगा। शोभा यात्रा में दिलीप जायसवाल विधायक कोतमा, रामेश्वर गुप्ता, राम पाल पाण्डेय, हनुमान गर्ग, धर्मेन्द्र वर्मा, विजय पाण्डेय, राजेन्द्र गुप्ता, पंकज मिश्रा, सुनील गौतम, स्वप्निल गर्ग और सभी रामभक्तों ने अपना योगदान दिया।

## सम्मान पाकर गौरवान्वित हूँ : अरविंद






**एएसपी के पद पर हुए पदोन्नत, गृह ग्राम ऐंताझर में हुआ अभिनंदन**

**शहडोल।** सम्मान पाना सभी के लिए गर्व की बात है, लेकिन अपनों से सम्मान पाना बड़ी बात होती है। यह बात सीधी जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने अपने गृह ग्राम ऐंताझर में आयोजित सम्मान समारोह में कही। एएसपी अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि आज मैं अपने गृह ग्राम में सम्मान पाकर अभिभूत हूं और आप सभी गांव के भाई- बहनों के कृतज्ञता के लिए निःशब्द हूं। उन्होंने कहा कि परिश्रम से सफलता तो मिल जाती हैं लेकिन सम्मान पाने के लिए दिलो में जगह बनानी पड़ती हैं। एएसपी अरविंद श्रीवास्तव ने अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम लिए सुशील शर्मा सहित सभी का आभार जताते हुए कहा कि गांव के विकास में मैं हर संभव सहयोग करूंगा। उन्होंने अपनी पत्नी प्रोफेसर श्रीमती मधुलिका श्रीवास्तव के साथ निर्माणधीन हनुमान मंदिर पहुंचकर मन्दिर निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की।

ग्राम पंचायत ऐंताझर द्वारा स्थानीय निवासी अरविन्द श्रीवास्तव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर पंचायत सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पंचायत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के अलावा सेवानिवृत महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र अजय श्रीवास्तव,सरपंच मैकू बैगा, उपसरपंच गायत्री शर्मा, सिंहपुर थाना प्रभारी एमएल वर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात सरपंच-उपसरपंच, सहित सभी उपस्थित वरिष्ठ ग्रामीणजनो के द्वारा पदोन्नत एएसपी अरविंद श्रीवास्तव का पुष्पहार से स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह का संचालन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक पूर्व उपसरपंच व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि अरविंद श्रीवास्तव का एएसपी के पद पर पदोन्नत होना हमारे गांव के लिए गर्व की बात है। उन्होने कहा कि शिक्षा में यह ताकत होती हैं की हमारे छोटे से गांव से सुविधाओ के अभाव के बीच कड़ी परिश्रम से निकल कर एएसपी पद पर सुशोभित हुए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी देते हुए सभी से ग्राम विकास में सहभागी बनने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय श्रीवास्तव ने पुलिस सेवा में अरविंद श्रीवास्तव के एएसआई से एएसपी के पद तक के परिश्रम को रेखांकित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच व दृढ़ इच्छा से ही मुकाम तक पहुंचा जा सकता है।

कार्यक्रम को नीलेश शुक्ल, मनोज श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अनूप सिंह, राकेश श्रीवास्तव, सुमंत शर्मा, प्रो. मधुलिका श्रीवास्तव, बद्री गुप्ता, संजीव श्रीवास्तव, विभोर श्रीवास्तव, संतोष द्विवेदी सहित अन्य लोगो ने भी सम्बोधित किया।

### सफलता पाने के लिए कठिन परिश्रम जरूरी : राघवेन्द्र

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत अरविन्द श्रीवास्तव के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डीएसपी शहडोल राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सफलता पाने के लिए शॉर्टकट का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि असुविधाओं के बीच कड़ी परिश्रम दृढ़ संकल्प के कारण ही अरविंद इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में पदोन्नत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव को ग्राम पंचायत की ओर से साल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि अजय श्रीवास्तव एवं राघवेन्द्र द्विवेदी को भी साल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे हनुमान मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष शिक्षक संदीप द्विवेदी ने आभार जताया।

सम्मान समारोह में मुख्य रूप से अरुण श्रीवास्तव, सूर्यप्रसाद शर्मा, अवदेश गुप्ता, हरिशंकर शुक्ला, प्रदीप पटेल, श्रीकृष्ण शर्मा, शोभा श्रीवास्तव, सुजीत श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत शर्मा, केशव कोल, चंद्रशेखर शर्मा, कुलदीप शर्मा, श्रीकांत शर्मा, नानबाबू, मुन्ना, छलकू बैगा, आभाष श्रीवास्तव, शनि, अभय, यीलू सहित ग्राम के वरिष्ठ जनों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।




## पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित अमरकंटक जहां प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम श्री विद्यालय के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक को चयनित किया गया है जिसमें पूरे साल छात्र-छात्राओं को नई-नई जानकारी शैक्षणिक जानकारी के तहत कोई ना कोई आयोजन होते रहते हैं। इस तारतम्य में 26 दिसंबर को कक्षा नवमी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए एक दिवसीय प्रवास पर निकला है। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अनुजा मिश्रा ने बताया कि पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए अमरकंटक से गोरखपुर होते हुए सिवनी संगम जहां पर प्राचीन समय का एक वृक्ष है जिसको कल्पवृक्ष के नाम रूप में जाना जाता है वहां से बेनीबारी की आईटीआई शैक्षणिक संस्थान में होते हुए मध्य प्रदेश एवं भारत सरकार के विशेष योजना के अंतर्गत को दो उत्थान को बढ़ावा देते हुए एवं कोदो के विषय में बच्चों को जानकारी दी गई। बताया गया कि एक विशेष प्रकार का चावल है इसके सेवन से मधुमेह जैसे बीमारी में बहुत कारगर है। इसी तरह राजेंद्रग्राम के समीप धरहर में भगवान गणेश की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन उपरांत पूरे पुष्पराजगढ़ को फिल्टर पानी मुहैया कराने वाला स्थान वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी बच्चों को देते हुए वापस सायंकाल विद्यालय अमरकंटक में उपस्थित हो जाएंगे। इसी तरह कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों को भी एक शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा और अनुभवी शिक्षकों की ड्यूटी छात्रों के साथ लगाई गई है।

# कुर्सीदारों का फार्मूला : अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता

## सालों से एक ही कुर्सी पर चिपके नपा कर्मचारियों में नहीं रही संवेदनशीलता

मुफ्त की मलाई का चस्का अगर किसी को लग जाए तो उसे न तो नियम कायदों का ज्ञान रह जाता है और न ही संवेदनशीलता नाम की कोई चीज दिखती है। घमंड तो इस कदर बढ़ जाता है मानों समूचे नगर के माई-बाप वही हैं कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों धनपुरी नगर पालिका में देखा जा सकता है, जहां वर्षों से एक ही कुर्सी पर टिके कर्मचारियों की मनमानी और धींगामस्ती चरमोत्कर्ष पर है। अधिकारी तो आते और जाते रहते हैं लेकिन अधीनस्थ कर्मचारियों का फार्मूला वर्षों से वही चल रहा है। इनका न तो शासन द्वारा स्थानांतरण किया जाता है और न ही अन्य नगर पालिकाओं के कर्मचारी यहां भेजे जाते जिसके कारण यह समूचे नगर के सर्वे सर्वा बन बैठे हैं।"



**धनपुरी।**

स्थानीय नगरपालिका में महत्वपूर्ण पदों पर वर्षों से विराजमान बड़े छोटे कर्मचारियों की मनमानी और धींगा मस्ती चरमोत्कर्ष पर है। इनकी मनमानी का आलम यह है कि नगर वासियों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी बार-बार दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते हैं। काम बड़ा हो या छोटा उसके लिए सुविधा शुल्क का भुगतान निहायत जरूरी है अन्यथा धनपुरी नगर पालिका कार्यालय में कोई काम नहीं हो सकता है ऐसी नगर में जन चर्चा है। आरोपित किया गया है कि इस कार्यालय में कुछ ऐसे कर्मचारी भी हैं जो अपने आप को मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भी ऊपर मानकर चलते हैं और उनका ऐसा मानना है कि जब तक वह नहीं चाहेंगे धनपुरी नगर पालिका में पत्ता भी नहीं हिल सकता है। स्थानीय नागरिकों ने चर्चा के दौरान बताया कि यहा एक और दो दशक से कर्मचारी जमे हुए हैं और एक कर्मचारी एक दो से अधिक पदों का दायित्व लेकर जमे हुए हैं, और मलाई छान रहे हैं। नगर वासियों की मानें तो नगर पालिका छोटे से काम के लिए नगर पालिका का कई चक्कर काटने पड़ते है जिसकी शिकायत किससे करें, जिससे करना चाहिए वह कुर्सी अधिकांश खाली रहती है। नगर पालिका कर्मचारियों की मनमानी से त्रस्त नागरिकों ने शिकायत करते हुए बताया कि नपा में वर्षों से महत्वपूर्ण पदों में बैठे कर्मचारी ऐसा लगता है कि रिटायरमेंट होने के बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ेंगे अगर किसी अन्य नगर पालिका से अगर किसी कर्मचारी की पोस्टिंग नगर पालिका में होती है तो उसे बैठने के लिए उचित स्थान तक नहीं दिया जाता क्योंकि उनकी पोल खुलने का डर होता है।

स्थानीयनिवासियों ने यह भी आरोप लगाए कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र का कार्य भी बिना सुविधा शुल्क के नहीं होता है। इसके अलावा नगर में व्याप्त गंदगी नाली और स्ट्रीट लाइट की समस्या हो या अन्य कोई मामला जब भी स्थानीय नागरिक नगर पालिका कार्यालय जाते हैं तो अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उनकी शिकायतों को सुनने तक की जहमत नहीं उठाई जाती समाधान तो दूर की बात है। व्यक्तिगत कार्यों जैसे जन्म मृत्यु पंजीयन अथवा प्रमाण पत्र के कार्य में भी लोगों से अवैध वसूली किया जाने का आरोप लगाया गया है नगर पालिका कर्मचारियों की इन गतिविधियों से नागरिकों में दिनों दिन आक्रोश बढ़ रहा है जिससे कभी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने का अंदेशा बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### मदर इंटरनेशल स्कूल में बाल सभा का हुआ आयोजन



**रीवा।** 26 दिसंबर को सावी मदर इंटरनेशल स्कूल में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों साहिब जादा फतेह सिंह जिन्होंने दिनांक 26 दिसंबर 1705 को 9 वर्ष एवं 6 वर्ष की अल्प आयु में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी इन दोनों महान सपूतों के शौर्य एवं बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई एवं उनसे प्रेरणा लेते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया इस दौरान विद्यालय में बाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादा फतेह सिंह के जीवन के संबंध में शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा घटनाओ का वर्णन किया गया एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे लघु कथा ,निबंध लेखन ,कविता वाचन ,चित्रकला का आयोजन किया गया

### जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में बांटे कंबल



**रीवा।** रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू का मंगलवार के दिन 46 वां जन्मदिन बड़े ही सौहार्द पूर्वक मनाया गया। संगठन के समस्त पदाधिकारियों के साथ ही संरक्षक दल वृद्धाश्रम में पहुंच कर फल-मिठाई के साथ ही निराश्रितों को कंबल वितरित किये। शुरूआती दौर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू के हाथों केक कटवाई। इस दौरान उपस्थित संरक्षकजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता के साथ ही वरिष्ठ समाजसेविका ममता नरेंद्र सिंह, भारती शर्मा, संरक्षक शत्रुघन सिंह सलैया, देवेंद्र सिंह देउर, शंकर सिंह बाघेला के साथ ही संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू, क्षत्राणी संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधा सिंह एंव रॉयल राजपूत संगठन के संभागीय मीडिया प्रभारी वीरेंद्र सिंह सेंगर बबली तथा संगठन की महिला इकाई रीवा मौजूद रहे। रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू के जन्मोत्सव का आयोजन संगठन के महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

### निःशुल्क कपड़ा बैंक देवतालाब का किया शुभारंभ

**मऊगंज।** जिले देवतालाब विधानसभा के विधायक गिरीश गौतम द्वारा निःशुल्क कपड़ा बैंक का शुभारंभ किया जिसके संयोजक एवं संस्थापक विजय सिंह चंदेल एवं उनके सहयोगी अनिल तिवारी, प्रिंस सोनी, सुरेश सेन, कैलाश साहू सत्यप्रकाश तिवारी रहै ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री रीवा सुरेंद्र सिंह चंदेल, शिवपूजन शुक्ला, अखिलेश सिंह विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत रीवा भाजपा मंडल अध्यक्ष देवतालाब संजय सोनी मंडल महामंत्री देवतालाब महेंद्र सिंह अतरैला विनोद कोल, के के मिश्रा जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय देवतालाब डॉक्टर संतोष दुबे डॉक्टर ब्रम्हप्रकाश शुक्ला राजेश (गुड्डू ) सोधिया जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवतालाब महेंद्र सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि तिवारीगावां मनबोध सिंह कान्हा दीक्षित विजय (पप्पू) सिंह चंदेल भोलरा लोकमणि पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सहारा इण्डिया के जमाकर्ताओं का एक दिवसीय सांकेतिक धरना आज

**रीवा।** सहारा इण्डिया के प्रभावित नागरिक मंच के पदाधिकारी दीपक शर्मा एवं कांतमणि शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं द्वारा 27 दिसंबर को सांकेतिक धरना प्रदर्शन कालेज चौराहे स्थित विवेकानंद पार्क में दोपहर 12 बजे से नागरिक मंच के अध्यक्ष योगेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में किया जाएगा। ज्ञात हो कि सहारा इण्डिया में जमाकर्ताओं का पैसा, केन्द्र सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा है।



## केशरीनन्दन गौ सेवा समिति के तत्वावधान में

# ऊनी कम्बल व गरम कपड़ों का गरीब बस्ती में वितरण किया गया

**ब्योहारी।**

जनपंद पंचायत ब्योहारी क्षेत्र ग्राम पंचायत में केशरीनन्दन गौ सेवा समिति के तत्वावधान में जरूरतमंद लोगों को ऊनी कम्बल, गरम कपड़ों अन्य कपड़ों (कम्बल ओढाते) हुये सदस्य विगत 8 - 10 बर्षो लगातार वितरण किया जाता है* केशरीनन्दन गौ सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय लोग व दानदाताओ के सहयोग से कलेक्शन कर इक्काठ कर जैसे ऊनी कम्बल व गरम कपड़ों अन्य कपड़ों में जीन्स, टी शर्ट, साड़ी, ऊनी साल सहित विभिन्न कपड़ों का वितरण के लिए जरूरत मन्दो व गरीब,साथ राहगीरो को जिनके तन में कपड़ा नहीं होते उनको व कम्बल ओढाते हुये ठण्डक से बचानें के लिए केशरीनन्दन गौ सेवा समिति के द्वारा पुण्य कार्य के लिए यहाँ कें दानदाताओ कई समाजिक संगठन के लोगों भूर भूर प्रसन्नता करता है साथ ही जरूरत मंद, गरीबों का प्यार व आर्शीबाद मिलता हैं।

# वीर बाल दिवस व सरदार उधम सिंह की जयंती पर युवाओं ने वितरण की शिक्षण सामग्री

**बिरसिंहपुर पाली**



'वीर बाल दिवस' व सरदार उधम सिंह के जयंती के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र के किशोर किशोरियों को शिक्षण सामग्री स्लेट, बत्ती, कंपास पेंसिल रबर कटर एवं पहाड़ किताब वितरण किया गया। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' पर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के अमर बलिदानी साहिबजादों की वीरता को कोटि-कोटि नमन करते हुए धर्म की रक्षा एवं मातृभूमि की सेवा को समर्पित आपकी गौरवमयी गाथा चिर काल तक हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।श्रद्धेय सरदार उधम सिंह, माँ भारती का वह बहादुर बेटा, जिसने अंग्रेजों के घर में घुसकर जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लिया।ऐसे वीर सपूत पर देश की हर माँ, हर युवा को गर्व है और सर्वदा रहेगा। मातृभूमि के लिए आपका समर्पण और देशवासियों के लिए प्रेम वन्दनीय है। उन्होंने कहा कि कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है। पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। पाठ्यक्रम सामग्री वितरण करते समय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना सिंह राठौड़, युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, पूनम बैगा, रागिनी कोल,सुरभि कोल,अजीत कोल,रमेश बैगा,शुभम साहू एवं सभी उपस्थित रहे।

# जन सुनवाई में 44 आवेदन पत्रों में की गई सुनवाई



**रीवा**

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में साप्ताहिक जन सुनवाई का आयोजन किया गया। आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए आयोजित जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आमजनों के 44 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में रोहित निवासी रीवा ने सिरमौर चौराहा से बोदाबाग रोड में तत्काल सुधार के लिए आवेदन दिया। नगर निगम को आवेदन पत्र में कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए। श्रीनिवास पाण्डेय निवासी ग्राम पुरवा ने गांव में अवैध तरीके से बनाई जा रही सड़क का निर्माण रोकने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार सिरमौर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। गंगा प्रसाद तथा अन्य निवासी ग्राम गाढ़ा 138 दादर टोला ने 25 अक्टूबर को हटाए गए अतिक्रमण से मुक्त हुई भूमि पर कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। विमला मिश्रा निवासी ग्राम धौरहरा ने एसडीएम मनगवां द्वारा जमीन के संबंध में पारित आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में संतोष कुशवाहा निवासी ग्राम लौरी नम्बर तीन ने बीपीएल राशनकार्ड के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। ममता गुप्ता निवासी हनुमना ने स्थानीय निकाय के चुनाव में टेंट के बिल के भुगतान के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। शासकीय नवीन महाविद्यालय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के विद्यार्थियों ने छात्रावास में भोजन, पानी तथा साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। सुखदेव द्विवेदी निवासी ग्राम बंजारी ने जमीन के खसरे में कम्प्यूटर द्वारा दर्ज जानकारी में सुधार के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को कार्यवाही के निर्देश दिए।



# सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मनमानी सफेदपोस नेता के संरक्षण में घटिया निर्माण का कार्य जारी

**मऊगंज।**

जिला बनने के बाद भी यहाँ चल रहे भ्रस्टाचार के खेल पर नही लग रही लगाम. वह भी तब जब जगह जगह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही हो ऐसे समय मे सरकार के तमाम दावों को ठेकेदारो ने मजाक बना दिया है जहां पर भ्रस्टाचारी मऊगंज को बदसूरत और बदहाली के दलदल में खुलेआम धकेल रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पार्षद मऊगंज विश्वनाथ मिश्रा ने प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि यहां की बडी विकास योजनाएं महज खाना पूर्ति तक सीमित हैं नगर में बेतरतीब ढंग से किया जा रहा डिवाइडर सड़क के बाद टेढ़ा मेढ़ा और घटिया किस्म संकरी नाली निर्माण जिसके अंदर की छड़े अभी से बाहर दिखने लगी है। यहां पर भ्रस्टाचार लोगो के लिए मुसीबत बन गया है। रीवा के बड़े नेताओं तक पहुंच रखने बाले सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी भ्रस्टाचार के समक्ष जिम्मेदार नतमस्तक है जिससे नाली निर्माण भी भेंट चढ़ रहा जहां पर एक बार फिर करोड़ो की लागत से चल रहा नाली निर्माण कार्य अधिकारियों की भ्रस्ट व्यवस्था का हो रहा शिकार..बड़े अधिकारियों की चुप्पी भ्रस्टाचार में उनकी संलिप्तता को कर रहा उजागर।

# अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर विशाल कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले के खटखरी कस्बे में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय एवं अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक प्रदीप पटेल ने किया।कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति से अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद किया । कवि सम्मेलन का आरंभ वरिष्ठ कवि सूर्यमणि शुक्ला मलगलित ने वाणी की वंदना और अटल बिहारी वाजपेई जी की वंदना अपने शब्दों से किया। तत्पश्चात युवा कवि भूपधर अलबेला अटल जी को नमन किया और हास्य कविता



सुनाईसस्ते डिस्क के चक्कर में तुम ना पड़ना! मधुर रिस्क के चक्कर में तुम ना पड़ना!! बरबाद तुम्हें इक दिन करके ये रख देगा! इश्क विश्क के चक्कर में तुम ना पड़ना!! जिस पर लोगों ने भरपूर ताली बजाई।देवतालाब से आये कवि सत्येन्द्र सजग ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम पर काव्य पाठ किया।कवयित्री हेमलता हेमा ने अटल बिहारी वाजपेई जी को याद करते हुए कविता गुनगुनाई-हो सके तो धारण करो, भगवा का ताज सर,मुख में भी राम नाम गान होना चहिए।ऊंचा रहें भारती का भाल सदा दुनियां में ,कर्म सनातनी अभिमान होना चाहिए।देश के लिए जिए सदा वो मरे देश पे,लक्ष्मीबाई भगत सा बलिदान होना चाहिए।लिखे इतिहास यहां कलम की क्रांति से ,राष्ट्रभक्त अटल सा महान होना चाहिए। बघेली के प्रसिद्ध कवि श्री राम लखन सिंह बाघेल महगना ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।मंच संचालक वाह भाई वाह फेम कवि आशीष तिवारी निर्मल ने कहा कि राजनीति में पहले जैसी सुचिता वा धार कहां से लाओगेपूज्य अटल बिहारी जैसा किरदार कहां से लाओगे। सुनकर लोगों ने खूब तालियां बजाकर हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे राजेश पांडेय ने अटल बिहारी वाजपेई को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महनीय थे अटल जी जिनके शब्दों को विपक्षी दल के लोग भी पूरे ध्यान से संसद भवन में सुनते थे। वहीं विधायक प्रदीप पटेल ने आमजन से अयोध्या पहुंचने की अपील की।यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी मंडल खटखरी में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप केशरी द्वारा आयोजित किया गया । इस दौरान राजेश गुप्ता,राजू गुप्ता,सौरव गुप्ता, मनोज गुप्ता अरविंद गुप्ता, बृजेंद्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, बृजेश ,कीर्ति कुमार मिश्रा, सुजीत गुप्ता शिवम् गुप्ता, दिलीप गुप्ता,श्रीकांत गुप्ता मंडल अध्यक्ष मुद्रिका पटेल सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता व जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# अंततः शिकायत के 18वें दिन पुलिस ने दर्ज किया मामला

## अवैध धान के खरीद फरोख्त पर तीन के खिलाफ मामला पंजीबद्ध

**समिति प्रबंधक, केन्द्र प्रभारी व वाहन चालक पर एफआईआर**

**शासन से धोखाधड़ी करते अपर कलेक्टर व जिपं सीईओ ने पकड़ा था, मामला दर्ज, अब गिरफ्तारी की बारी**

धान उपार्जन केन्द्र नरेगा कैम्प निगवानी में जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कोतमा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्य में अनियमितता किए जाने के साथ ही

अनूपपुर।




अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से पिकअप वाहन के माध्यम से लाए गए 63 बोरी धान को समर्थन मूल्य पर बिना किसान के उपस्थिति पर बिना स्लॉट बुक किए हुए रखवाये जाने सहित अन्य अनियमितताओं के मामले व उपार्जन नीति के उल्लंघन करने के साथ ही शासन से धोखाधड़ी करने पर कलेक्टर के निर्देशन पर 24 दिसम्बर को कोतमा पुलिस ने समिति प्रबंधक निगवानी नागेन्द्र जायसवाल, उपार्जन केन्द्र प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा सहित पिकअप वाहन चालक राजा जायसवाल के खिलाफ धारा 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

धाना उपार्जन केन्द्र नरेगा कैंप निगवानी में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर सी.पी. पटेल 6 दिसम्बर को औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे। जहां निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बोरी में औसतन 400 ग्राम अधिक धान किसानों से लिया जाना पाया गया साथ ही बारिश से सुरक्षा हेतु कोई इंतजाम नही पाया गया, जिस पर समिति द्वारा शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते हुए उपार्जन नीति के निर्देशों का उल्लंघन किया गया। निरीक्षण के दौरान खरीदी से पहले प्रतिदिन तौल प्रारंभ करने के पूर्व सत्यापन नही कराए जाने तथा बांट सत्यापन पंजी संधारित पाई गई। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्र के पिकअप वाहन में से 63 बोरी धान वजन 31.92 क्विंटल को विक्रय हेतु अनलोड करते समय किसान द्वारा स्लॉट बुकिंग की जानकारी चाही गई, लेकिन उक्त किसान मौके पर उपस्थित नही रहा। जिसके बाद उक्त धान को जब्त करते हुए समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी तथा पिकअप वाहन चालक के एफआईआर दर्ज करने हुते निर्देशित किया गया था।

### 63 बोरी धान मे कर रहे थे गोलमाल

उपार्जन केन्द्र निगवानी में पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 2608 में 6 दिसम्बर को लाये गए 63 बोरी धान कुल वजन 31.92 क्विंटल अनलोड करते पाया गया, जहां जांच के दौरान जानकारी लेने पर पिकअप वाहन चालक राजा जायसवाल से उक्त धान के किसान वा स्लॉट बुकिंग के संबंध में जानकारी चाही गई, लेकिन चालक द्वारा किसी तरह की जानकारी उपलब्ध नही कराई गई और ना ही उक्त धान के संबंध में किसी भी प्रकार का वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद उक्त धान को जब्त करते हुए मध्यप्रदेश वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉपोरेशन निगवानी के गोदाम में रखवाते हुए पिकअप वाहन को पुलिस अभिरक्षा में कोतमा थाना को सौंप दिया गया था।


हरिभूमि
लिखित आवेदन के 12 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नही
मामला निगवानी उपार्जन केंद्र में बिना पंजीयन के 66 बोरी धान लोड करने का

### खबर प्रकाशन के बाद पुलिस हुई सजग

ज्ञात हो कि धान उपार्जन केन्द्र नरेगा कैम्प निगवानी में 6 दिसंबर को जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कोतमा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान फर्जीवाड़ा मिला था जिसके बाद संबंधित जिम्मेदार को इस मामले मे थाने मे तत्काल प्रकरण दर्ज कराने निर्देशित किया गया जिसके बाद भी प्रकरण दर्ज नही हो पाया था जबकि प्रमाणित तीनो आरोपी लगातार लोगों के बीच देखे जा रहे थे। उक्त मामले मे जनभावनाओं के मद्देनजर हरिभूमि ने संज्ञान लेते हुये 22 दिसंबर 2023 को खबर का प्रकाशन कर जिले मे जिम्मेदारों से कार्यवाही की अपेक्षा की थी जिसके बाद जिम्मेदार अमला सक्रिय हुआ और अंततः 24 दिसंबर को तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज हो सका।



### नही आया काम, फर्जी किसान

पूरे मामले में जहां पिकअप वाहन के माध्यम से उपार्जन केन्द्र निगवानी लाई धान के संबंध में उपार्जन समिति द्वारा कृषक बालकरण पाव पिता जन्नू का होना बताया, जिस पर कोतमा एसडीएम एवं हल्का पटवारी द्वारा 7 दिसम्बर को किसान के घर पहुंच जांच की गई। जहां जांच में कृषक बालकरण पाव के पंजीयन में कुल 18 खसरा नंबर व कुल रकबा 9.744 हेक्टेयर पाया गया तथा कृषक के घर जाकर धान की उपज का सत्यापन किया गया, जहां किसान के घर में उसकी उपज का 50 क्विंटल पाया गया। जिस पर उपार्जन समिति द्वारा मामले से बचने के लिए फर्जी रूप से किसान बालकरण पाव को खड़ा किया गया था।

### उपार्जन नीति के उल्लंघन पर हुई कार्यवाही

खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 अंतर्गत जारी समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति 2023 की कंडिका 8.2, 8.5, 8.7(प), 8.7(पप), 8.14(पप) का स्पष्ट उल्लंघन कर उक्त धान 31.92 क्विंटल को समर्थन मूल्य रुपए 2183 में विक्रय कर अनैतिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से शासकीय योजना का दुरूपयोग करने के लिए उपार्जन केन्द्र पर रखा गया था। जिस पर विकास खण्ड कोतमा की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती सीमा सिन्हा की शिकायत पर समिति प्रबंधक नागेन्द्र जायसवाल वा उपार्जन केन्द्र प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा सहित पिकअप वाहन चालक राजा जायसवाल द्वारा षड्यंत्र पूर्वक अवैधानिक तरीके से बाजार में विक्रित धान को शासकीय योजना का अवैधानित लाभ कमाने के उद्देश्य से शासन से धोखाधड़ी करते पाए जाने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।



### अब कब तक होगी गिरफ्तारी

शासन से धोखाधड़ी मामले मे किसी तरह से पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया परंतु तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी पर अब सवाल खड़े होने लगे है क्योंकि अमूमन हर सरकारी मामले मे जिसमे किसी विभाग को आर्थिक अथवा किसी प्रकार की क्षति होती है और विभागीय जिम्मेदार शिकायत पुलिस को देता है तो समय सीमा के भीतर मामला दर्ज होकर कार्यवाही शुरू हो जाती है, परंतु इस मामले मे ऐसा नही हुआ। अनियमितता 6 दिसंबर को पाये जाने के बावजूद 24 दिसंबर को मामला दर्ज होने के बाद यही कयास लगाये जा रहे हैं कि तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी मे भी लगभग इतना ही समय जिम्मेदार खींच लेंगे। मामले मे गिरफ्तारी व अन्य कार्यवाही के संबंध मे कोतमा थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी को फोन किया गया, लेकिन घंटी जाने के बाद भी फोन नही उठा।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 285749.33 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेर्शानुसार किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पंजीकृत कृषकों से किया जा रहा है। जिले में अब तक 5711 पंजीकृत किसानों से 285749.33 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

### आय व्यय प्रेक्षक आज आयेंगे अनूपपुर

**अनूपपुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में व्यय लेखा परीक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आय व्यय प्रेक्षक सचिन पी.आर. बुधवार 27 दिसम्बर को अनूपपुर पहुंचेंगे। सहायक जिला आबकारी अधिकारी अनूपपुर के.के. उईके आय व्यय प्रेक्षक के लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### साप्ताहिक जनसुनवाई मे 54 आवेदकों ने आपबीती सुनाई



**अनूपपुर।** आम जन की समस्याओं के निवारण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनके आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की तथा मौके पर निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में 54 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा राजस्व से संबंधित, घर क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, मोजर बेयर कंपनी द्वारा नौकरी एवं अन्य लाभ न दिए जाने, भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए।

### पुरातत्व के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले लोगों को किया जाएगा सूचीबद्ध

**अनूपपुर।** संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल द्वारा पुरातत्व के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले पुरातत्वविद, इतिहासकार, स्वयंसेवी, गाइड, शोधार्थी एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को सूचीबद्ध किए जाने की पहल की जा रही है। ऐसे व्यक्ति जो स्मारक या संग्रहालय में होने वाली पुरातात्विक गतिविधियों में अपना योगदान देने के इच्छुक हैं, वे 30 दिसम्बर को राज्य संग्रहालय भोपाल में अपने आवेदन के साथ अपरान्ह 3 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं। आवेदन के अवलोकन के बाद ऑन द स्पॉट पंजीयन किया जाएगा। इस पंजीयन के बाद आवेदक किस तरह से स्वयंसेवी के रूप में गतिविधि के माध्यम से योगदान देगा, यह बताया जाएगा। साथ ही किस प्रकार कार्य किया जाए, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### आज विभिन्न ग्रामों में निकाली जायेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत हरद तथा बदरा, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बर्री तथा चकेठी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बैहाटोला तथा कटकोना एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत मेढाखार तथा सालरगोंदी में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत परिसर में किया जाएगा।

# दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

अनूपपुर।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार भाजपा से निर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने की



जानकारी मिलते ही अनूपपुर जिले के भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और चारों तरफ पटाखे फोड़ कर मिष्ठान का वितरण करते हुए कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाते हुए दिलीप जायसवाल को शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी सहित जिले के पदाधिकारी और कार्यकतार्ओं ने शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राज्यमंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार की जिम्मेदारी मिलने के पश्चात अनूपपुर जिले के सभी स्थानों पर भाजपा कार्यकतार्ओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए खुशियां मनाते हुए भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रति आभार प्रकट किया तथा मंत्री जायसवाल को शुभकामना संदेश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

### भाजपा नेताओं ने दी बधाई

कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मिलने के पश्चात शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदास पुरी भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता आधाराम वैश्य राम अवध सिंह ज्ञानेंद्र सिंह परिहार अखिलेश द्विवेदी जितेंद्र सोनी हीरा सिंह श्याम सुनील चौरसिया गजेंद्र सिंह अरुण प्रताप सिंह हनुमान गर्ग मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन भूपेंद्र महरा राजेश कलसा अजय द्विवेदी शिवरतन वर्मा सत्यनारायण सोनी मुकेश पटेल महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर, चंद्रिका द्विवेदी लाल बहादुर जायसवाल उमेश मिश्रा राजू गुप्ता मनोज द्विवेदी राजेश सिंह के अलावा भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने दिलीप जायसवाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# भर्रेशाही के बीच संचालित जिले भर की शराब दुकान

## शराब दुकानों की मनमानी व लापरवाही चरम पर, सांठ-गांठ की आशंका

**जांच मे आबकारी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का छूट रहा पसीना**

अनूपपुर/कोतमा।

जिला मुख्यालय समेत मैकलांचल, कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम शराब ठेकेदार के द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री करवाई जा रही है। मोटर साइकिल में सुबह से लेकर देर रात तक गली मोहल्लों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ ठेकेदार के द्वारा एक व्यक्ति से शराब की पैकारी करवाई जा रही है साथ ही रिहायसी इलाके में शराब की दुकान होने के कारण स्थानीय रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग करते हुए अवैध रूप से शराब की बिक्री पर रोक लगाने की अपेक्षा की है।

### शिकायतों का असर नहीं

मदिरा प्रेमी बताते हैं कि प्रदेश सरकार ने वाहवाही लूटने के लिए शराब दुकानों में बिल अनिवार्य करने का आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाने में प्रशासनिक अधिकारी नाकाम हैं। अक्सर शिकायत होने के बाद भी आबकारी अधिकारी अंजान बने हैं। शराब पीने वालों को हर ब्रांड की बोतल, हाफ, क्वार्टर खरीदने के लिए 50 से 100 रुपये अधिक देना पड़ रहा है। शराब माफियाओं के सामने प्रशासनिक अधिकारी ही बेबस हैं तो ग्राहक किससे शिकायत करे? शराब दुकान के कर्मचारी



बिल मांगने पर कहते हैं कि ऊपर से बिल नहीं आ रहे हैं, परन्तु सवाल यह है कि एक सितंबर से आज तक अधिकारियों को जांच करने का समय नहीं मिला। जिला मुख्यालय समेत कोतमा, पसान, बिजुरी, राजनगर, राजेन्द्रग्राम के शराब दुकानों समेत जिले भर की दुकानों मे आज तक रेट लिस्ट नहीं लगी है।

### दुकानों मे न रेट लिस्ट, न ही दिया जा रहा बिल

प्रदेश सरकार ने एक सितंबर से सभी शराब दुकानों से शराब बिक्री होने पर बिल देना अनिवार्य कर दिया है। शासन ने इस संबंध में आदेश भी जारी किए हैं। बावजूद इसके जिले की शराब दुकानों में शासन के आदेश को लागू कराने के प्रयास में आबकारी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का पसीना छूट रहा है। जिले भर की सभी शराब दुकानों में न तो रेट लिस्ट लगी है और न ही बिल दिया जा रहा है।

### रिहायसी जगह मे दुकान

जिला मुख्यालय मे एक शराब दुकान अमरकंटक तिराहा मे तो दूसरी शराब दुकान स्टेशन चौक के पास रिहायसी इलाके मे खोली गई है तो कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे कम्पोपोजिट अंग्रेजी देशी शराब दुकान होने के कारण आसपास के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शराब दुकान के पास शराब पीने वालों का जमघट देर रात तक लगा रहता है जिसके कारण आसपास के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि शराब का सेवन करने वाले लोगों के द्वारा शराब की बोतलों एवं डिस्पोजल पानी के पाउच को बीच सड़क में ही फेंक देते हैं जिसके कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है।

### दूसरी जगह दुकान लगवाने की की गई थी मांग

जिला मुख्यालय मे अमरकंटक तिराहे के पास नवीन संचालित दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने क्षेत्रवासियों ने ज्ञापन दिया था वही कोतमा मे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी धर्मेंद्र वर्मा के द्वारा अनूपपुर कलेक्टर को शिकायती पत्र देते हुए रिहायसी जगह से शराब दुकान को स्थानांतरित करवाते हुए शहर से बाहर दुकान खुलवाने के लिए पत्र भी दिया गया था लेकिन आज तक उस पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण आज भी शराब दुकान रिहायशी जगह में स्थित है। जिसके कारण आसपास के आम नागरिकों एवं महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### जोरों पर अवैध शराब की पैकारी

पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले का प्रभार मिलते ही अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को हिदायत दी गई थी, जिस पर पूर्व में पुलिस द्वारा शराब माफियाओं पर कार्यवाही भी की गई थी, जिससे क्षेत्र की जनता व युवाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक के सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया था, लेकिन वर्तमान में शराब का ठेका बदल गया, उसके बाद दिन रात अवैध शराब जिला मुख्यालय, कोतमा, बिजुरी, राजनगर, राजेन्द्रग्राम में पूर्व की अपेक्षा इन दिनों ज्यादा ही संचालित हो रही है, चौक चौराहों में शराब ठेकेदार के गुर्गे अवैध शराब की पैकारी करते हुए देखे जाते हैं, लेकिन पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही। इससे लोगों का मानना है कि कहीं ना कहीं शराब ठेकेदार को पुलिस व आबकारी विभाग का संरक्षण प्राप्त है तभी इन शराब ठेकेदार के गुर्गों द्वारा खुले तौर पर अवैध शराब की पैकारी नगर व गांव में धड़ल्ले के साथ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक क्या इस पर रोक लगाने में कामयाब हो पाएंगे यह एक प्रश्न बना हुआ है।

### कोतमा मे संचालित अवैध दुकान

शराब ठेकेदार के द्वारा कोतमा थाना अंतर्गत सेमरिहा चौराहे में अवैध रूप से शराब की दुकान संचालित करवाई जा रही है जबकि शासन का निर्देश है कि जहां दुकानों के लाइसेंस दिए गए हैं उन्हीं जगहो से शराब की बिक्री की जानी है लेकिन शराब ठेकेदार के द्वारा अवैध रूप से सेमरिहा चौराहे में दुकान संचालित कर शराब की बिक्री खुलेआम करवाई जा रही है।

# जिले में शासकीय योजनाओं की गारंटी लेकर पहुंच रही संकल्प यात्रा

अनूपपुर।

अनूपपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव-गांव पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा अपार उत्साह से स्वागत किया जा रहा है। यह यात्रा हितग्राहियों तक योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच गारंटी सुनिश्चित करने के लिये पहुंच रही है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने तथा शेष पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितो और दूरस्थ अंचलों में निवासरत अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख



योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत पकरिया तथा सकोला, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत मेड़ियारास तथा परसवार, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बसखली तथा पथरौड़ी एवं जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बीजापुरी नं. 02 तथा करपा में शासन की योजनाओं का प्रचार किया।

### परीक्षा केंद्र के लिए 35 किलोमीटर का सफर करने को मजबूर छात्र-छात्राएं



**अनूपपुर।** जिला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा में 323 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। यहां पर कक्षा 9 से 12 तक कक्षाएं संचालित है। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का केंद्र यहां पर नहीं बनाया गया है। जिससे छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए लगभग 12 किलोमीटर दूर पटना कला जाना पड़ता है। पटना कला पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से लगभग 3 किलोमीटर छात्र-छात्राओं को पैदल परीक्षा केंद्र तक जाना पड़ता है। सोचनीय बात यह है कि सकरा विद्यालय में लगभग 20 से 25 किलोमीटर तक के छात्र-छात्राएं अध्ययन करने को आते हैं। जिन्हें बोर्ड परीक्षा देने के लिए अपने घर से लगभग 35 किलोमीटर का सफर परीक्षा केंद्र जाने के लिए करना पड़ता है। बोर्ड परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सकरा विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सकरा आगमन पर उनको ज्ञापन देकर मांग की है कि उनका बोर्ड परीक्षा का केंद्र उनके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा में ही बनवाया जाए जिससे उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।